भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4048**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**'एंड-ऑफ-लाइफ' वाहन**

4048. श्री कंवर सिंह तंवरः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में 'एंड ऑफ लाइफ' वाहन चल रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने विभिन्न राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में ऐसे वाहनों की संख्या का कोई आकलन किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) मोटर वाहन (वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र का पंजीकरण और कार्य) नियमावली, 2021 और केंद्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 के अनुसार, जीवन-काल समाप्ति वाले वाहन (एंड ऑफ लाइफ (ईएलवी) का तात्पर्य उन सभी वाहनों से है जो अब वैध रूप से पंजीकृत नहीं हैं या स्वचालित फिटनेस केंद्रों के माध्यम से अयोग्य घोषित कर दिए गए हैं या उनके पंजीकरण मोटर यान अधिनियम, 1988 के अध्याय IV के तहत या किसी न्यायालय के आदेश के कारण रद्द कर दिए गए हैं या किसी भी परिस्थिति के कारण वैध पंजीकृत मालिक द्वारा बेकार वाहन के रूप में स्व-घोषित किए गए हैं या जिनका परीक्षण अंतिम परीक्षण की तारीख से 180 दिनों के भीतर नहीं किया गया है, जिसमें परीक्षण का दिन या फिटनेस प्रमाण पत्र की समाप्ति की तारीख को छोड़कर, जो भी बाद में हो।

ऐसे वाहनों के 17 दिसंबर 2024 तक के राज्य-वार आंकडे संलग्न हैं, जिनका न तो वैध फिटनेस है और न ही वैध पंजीकरण है या जिनका पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया गया है या वापस लौटा (सरेंडर कर) दिया गया है।

संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा एंड ऑफ लाइफ घोषित किए गए वाहनों पर कार्रवाई की जानी है, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित नियमों के अनुसार स्थापित पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधाओं (आरवीएसएफ) में स्क्रैप किया जा सकता है।

**“एंड-ऑफ-लाइफ' वाहन’ के संबंध में श्री कंवर सिंह तंवर द्वारा पूछे गए दिनांक 19.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4048 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**<u>वाहनों का राज्य-वार विवरण</u>**

| **राज्य का नाम** | **बगैर वैध फिटनेस वाले परिवहन वाहनों की संख्या** | **बगैर वैध फिटनेस वाले गैर परिवहन वाहनों की संख्या** | **आर.सी. रद्द किए गए वाहनों की संख्या** | **आर.सी. वापस लौटाए गए वाहनों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप | 8,529 | 39,745 | 525 | 0 |
| आंध्र प्रदेश | 1,206,672 | 3,510,170 | 22,141 | 3 |
| अरुणाचल प्रदेश | 28,265 | 36,747 | 2,591 | 35 |
| असम | 461,024 | 331,144 | 9,163 | 57 |
| बिहार | 1,419,850 | 163,509 | 4,871 | 313 |
| चंडीगढ़ | 21,040 | 147,816 | 3,622 | 20 |
| छत्तीसगढ | 298,277 | 898,544 | 11,391 | 1,501 |
| दिल्ली | 761,261 | 5,929,842 | 3,300 | 4,756 |
| गोवा | 56,956 | 139,331 | 10,466 | 0 |
| गुजरात | 1,303,368 | 2,272,619 | 44,096 | 23 |
| हरियाणा | 657,929 | 2,291,722 | 21,823 | 1,397 |
| हिमाचल प्रदेश | 178,943 | 358,569 | 26,648 | 1,985 |
| जम्मू और कश्मीर | 110,793 | 154,020 | 7,742 | 0 |
| झारखंड | 743,340 | 840,010 | 10,960 | 1,160 |
| कर्नाटक | 2,004,005 | 7,751,968 | 90,533 | 8,020 |
| केरल | 932,305 | 3,022,896 | 135,209 | 81,715 |
| लद्दाख | 7,183 | 2,750 | 391 | 0 |
| लक्षद्वीप | 1,623 | 4,295 | 266 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 765,661 | 5,161,042 | 50,193 | 1 |
| महाराष्ट्र | 1,373,847 | 3,726,955 | 98,401 | 147 |
| मणिपुर | 39,398 | 133,597 | 1,286 | 1 |
| मेघालय | 84,686 | 96,676 | 5,782 | 2 |
| मिजोरम | 33,636 | 64,866 | 4,894 | 200 |
| नगालैंड | 114,798 | 44,011 | 3,383 | 5 |
| ओडिशा | 912,190 | 1,891,952 | 36,319 | 11 |
| पुदुचेरी | 33,373 | 462,281 | 708 | 1,254 |
| पंजाब | 499,588 | 3,333,960 | 17,241 | 29 |
| राजस्थान | 794,262 | 1,699,983 | 30,545 | 20,236 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सिक्किम | 9,352 | 11,129 | 1,048 | 74 |
| तमिलनाडु | 1,558,539 | 5,511,149 | 44,609 | 7,690 |
| त्रिपुरा | 70,218 | 102,474 | 7,093 | 135 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र | 22,159 | 125,147 | 1,503 | 0 |
| उत्तर प्रदेश | 1,686,661 | 8,349,473 | 402,210 | 36,922 |
| उत्तराखंड | 176,433 | 603,354 | 34,276 | 26,274 |
| पश्चिम बंगाल | 1,085,345 | 2,449,632 | 9,996 | 1,239 |
| **कुल योग** | **19,461,509** | **61,663,378** | **1,155,225** | **195,205** |

*****